**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1216**
**दिनांक 11 फरवरी, 2025 / 22 माघ, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**यातायात उल्लंघन के मामले**

**†1216. श्री नवीन जिंदलः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत श्रेणीवार और वर्षवार यातायात उल्लंघन के कितने मामले सामने आए हैं;**

**(ख) उक्त अवधि के दौरान श्रेणीवार और वर्षवार कितना जुर्माना लगाया गया, कितने अन्य दंड अधिरोपित किए गए और मौद्रिक शास्तियों की तुलना में कितनी वसूली की गई; और**

**(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में यातायात उल्लंघन के मामलों में वृद्धि के क्या कारण हैं और सरकार द्वारा जनता में सावधानी से वाहन चलाने और सड़क की समझ के बारे में जागरुकता पैदा करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) और (ख): दिल्ली पुलिस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में, पिछले पांच वर्षों के दौरान, विभिन्न श्रेणियों में यातायात उल्लंघनों, लगाए गए मौद्रिक दंड और एकत्र की गई राशि का विवरण नीचे दिया गया है-

| **वर्ष** | **कुल चालान** | **जारी किए गए नोटिस** | **एकत्र की गई राशि (रुपए में)** |
|---|---:|---:|---:|
| 2020 | 10,99,414 | 85,94,784 | 2,13,99,91,435 |
| 2021 | 13,23,556 | 66,03,813 | 98,45,96,725 |
| 2022 | 14,69,986 | 59,87,391 | 74,43,26,329 |
| 2023 | 17,26,510 | 56,53,717 | 40,31,21,976 |
| 2024 | 23,09,031 | 51,41,887 | 46,29,23,105 |

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1216, दिनांक 11.02.2025**

(ग): दिल्ली पुलिस ने बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में यातायात उल्लंघन के मामलों में दर्ज की गई वृद्धि के मुख्य कारण- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में वाहनों के आवागमन में वृद्धि, यात्रियों/सड़क उपयोगकर्ताओं में जागरूकता की कमी तथा दिल्ली पुलिस द्वारा नियमों का कड़ाई से लागू किया जाना इत्यादि है।

दिल्ली पुलिस द्वारा जनता में सावधानी से वाहन चलाने एवं सड़क की समझ के बारें में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम; सड़क उपयोगकर्ताओं और यात्रियों के साथ आयोजित जागरूकता कार्यक्रम; सड़क सुरक्षा और दुर्घटना की रोकथाम पर ड्राइवरों और यातायात पुलिस अधिकारियों दोनों का प्रशिक्षण; और गहन प्रवर्तन प्रयास, आदि शामिल हैं।

******